RAF SECTOR

NEWS CLIP

20/07/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

prayagraj.I next news, Prayagraj (U.P)

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

अलर्ट रहें

कोरोना केसेज में तेजी आने के बाद सभी लोग अलर्ट मोड में आ गए हैं. रविवार को कोरोना को लेकर सावधानी बरतने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया. सिविल लाइंस, खुल्दाबाद, करेली, शाहगंज व कोतवाली, कीडगंज एरिया में अफसरों के साथ आरएएफ बटालियन 101 के जवानों ने भी गश्त कर लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक किया. खुली दुकानें भी बंद कराई गई.

Hindustan news, Pryagraj (U.P)

रविवार को प्रतिबंध के मद्देनजर पुराने शहर में पुलिस ने आरएएफ के जवानों के साथ गश्त की। • हिन्दुस्तान

Jaipur news, Jaipur (R.J)

सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने किया पौधारोपण

जयपुर। देशभर में सीआरपीएफ की ओर से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत राजधानी जयपुर में सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से आमेर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय जाजोलाई की तलाई में पौधा रोपण किया गया. रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों और जवानों ने पौधारोपण कर उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी ली। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। सीआरपीएफ के जवानों और अधिकारियों ने ग्रामीणों के सहयोग से फलदार और छायादार पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान हीरालाल जाट सहायक कमांडेंट व निरीक्षक रामफूल यादव ने पर्यावरण की महत्व और संरक्षण के बारे में बताते हुए कहा कि पौधों की देखभाल तथा समय-समय पर उनमें जलापूर्ति करने का जिम्मा 83 बटालियन द्रुत कार्य बल एवं ग्रामीणों ने लिया है। इस अवसर पर हीरालाल जाट सहायक कमांडेंट प्रधानाध्यापिका अंशु खींची, अध्यापक मुकेश मीणा, किरोड़ी लाल गुप्ता, पूरणमल, ओमप्रकाश सहित जवान उपस्थित रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।